नागपुर : रिसर्च और प्रशिक्षण पर साथ काम करेंगी आईसीएसआई-आईआईएम

January 01st, 2021 10:03 IST

महाराष्ट्र सरकार | महाराष्ट्र | महाराष्ट्र की खबरें | महाराष्ट्र ताजा समाचार | महाराष्ट्र हिंदी समाचार

डिजिटल डेस्क, नागपुर। शहर के बजाज नगर स्थित इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (आईआईएम नागपुर) और द इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेकेट्रीज ऑफ इंडिया (आईसीएसआई) के बीच करार हुआ है। इसके तहत दोनों संस्थाएं संयुक्त रिसर्च, प्रोफेशनल व फैकल्टी डेवलपमेंट और अन्य विषयों पर एक साथ काम करने का फैसला किया है। हाल ही में इंदौर में आयोजित आईसीएसआई के 48वें राष्ट्रीय अधिवेशन में यह करार हुआ है। जहां आईआईएम नागपुर निदेशक प्रो. भीमराया मैत्री और आईसीएसआई आशीष गर्ग ने करार पर हस्ताक्षर किए।

दोनों संस्था रिसर्च, डेवलपमेंट सहित विभिन्न उद्देश्यों के लिए संयुक्त कार्यशालाएं, सेमिनार, शैक्षणिक व प्रशिक्षण शिविर का आयोजन करेंगी। इसमें दोनांे संस्थाओं से जुड़े प्रोफेशनल, शिक्षक व विद्यार्थी हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम में प्रो.मैत्री ने लगातार बदलते दौर में निरंतर अध्ययन और नवाचार के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आईआईएम और आईसीएसआई जैसी दो प्रबुद्ध संस्थाओं के हाथ मिलाने से विद्यार्थियों, शिक्षकों व प्रोफेशनल्स का खासा फायदा होगा। वहीं, गर्ग ने कहा कि आईसीएसआई की इस पहल के साथ देश भर के करीब 40 विश्वविद्यालय, आईआईएम और उच्च शिक्षा संस्थान जुड़े हैं।